भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2497 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 13 फ़रवरी, 2026/24 माघ, 1947 (शक) को दिया जाना है

राष्ट्रीय जलमार्ग सं. 5

2497. **श्री रुद्र नारायण पाणी :**

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय जलमार्ग सं. 5 पर कार्य शुरू होने में कोई देरी हुई है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं;

(ग) उक्त कार्य के कब तक शुरू होने की संभावना है; और

(घ) उक्त जलमार्ग के दोनों किनारों पर रहने वाले निवासियों को इस परियोजना में शामिल करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय प्रस्तावित हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई), एक स्वायत्त निकाय ने राष्ट्रीय जलमार्ग (राज.-5) के विकास के लिए एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की है। डीपीआर के परिणाम के आधार पर तालचेर से पारादीप/ धामरा तक रा.ज.- 5 के विकास के लिए परियोजना विचाराधीन है और परियोजना के औपचारिक अनुमोदन के उपरांत कार्य शुरू किया जाएगा।

(घ): रा.ज.- 5 का विकास परियोजना से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे, पलायन में कमी आएगी, वाणिज्य, परिवहन व संबद्ध गतिविधों से वैकल्पिक आजीविका प्राप्त होगी, प्रति व्यक्ति आय बढ़ेगी और इस क्षेत्र में समावेशी आर्थिक वृद्धि एवं स्थायी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

*****